सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-612
14/12/2017

मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर समाहरणालय में सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली एवं मुजफ्फरपुर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

पटना, 14 दिसम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर समाहरणालय सभाकक्ष में सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली एवं मुजफ्फरपुर जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से चारो जिलों में अब तक की उपलब्धियों, बचे हुये कार्यों के निष्पादन में आ रही समस्याओं पर चर्चा हुयी। बैठक में सात निश्चय के अन्तर्गत आर्थिक हल, युवाओं को बल के लिये कौशल विकास केन्द्रों के संचालन, स्वयं सहायता भता, स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, सभी जिलों में शैक्षणिक संस्थानों के निर्माण, निःशुल्क वाई–फाई सुविधा के बारे में चर्चा हुयी। हर घर बिजली, घर तक पक्की गली–नाली, हर घर नल का जल, ग्राम टोला सम्पर्क निश्चय योजना, शौचालय निर्माण, घर का सम्मान की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। इन चार जिलों के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की प्रगति के लिये विभागों के पदाधिकारियों ने वर्तमान स्थिति को स्पष्ट किया। इन जिलों के जिलाधिकारियों ने वस्तुस्थिति को समीक्षा बैठक में रखा। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम एवं लोक सेवा के अधिकार पर भी चर्चा की गयी। बैठक में समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने राशन कार्ड लाभुकों की सूची की जॉच कर अवैध नामों को सूची से हटाने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वृद्धावस्था पेंशन में आ रही शिकायतों के संबंध में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्राहक सेवा केन्द्र के माध्यम से बीच के लोग जो धंधा करते हैं, उन पर कड़ी नजर रखनी होगी। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर का उद्‌देश्य ही है कि बिचौलिये इसमें न आ पायें, इसको समझना होगा, जन प्रतिनिधि भी इस पर नजर रखें। धान अधिप्राप्ति के संबंध में चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिये नमी के स्तर को 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पैक्सों को इससे अवगत करा दिया जाय। उन्होंने आशा व्यक्त की कि धान अधिप्राप्ति के काम में अब तेजी आयेगी।

समीक्षा बैठक में पथ निर्माण मंत्री श्री नन्दकिशोर यादव, नगर विकास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, सहकारिता मंत्री श्री राणा रंधीर सिंह, सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण उपस्थित थे। जन प्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्रों की समस्यायें एवं सुझाव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया तथा अधिकारियों ने वस्तुस्थिति को स्पष्ट किया।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, चारो जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******